हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार 24 जून 2026

13 डॉ. मुखर्जी ने जनकल्याण की राजनीति को दी नई ...



14 महज 866 क्यूसेक बह रहा है जिले ...



### अंधड़-बारिश से उमस का निकला दम, लुढ़का पारा-गर्मी हुई कम

# पश्चिमी विक्षोभ का असर: धूल भरी आंधी के बाद बरसी राहत

करीब साढ़े 12 बजे पश्चिमी दिशा में बादलों का झुंड बनना शुरू हुआ और आधे घंटे में पूरी तरह से काली घटाओं में तब्दील हो गया



भिवानी। पानी बरसने के बाद शहर में एक चौक पर जमा पानी से गुजरता वाहन।

बारिश बनी किसानों की संजीवनी, खरीफ और सब्जी फसलों को मिला बड़ा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भले ही मानसून व प्री मानसून की बारिश न आई हो,लेकिन लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ की वजह से लू से लोगों को पूरी तरह से छुटकारा मिल गया। इसी क्रम में मंगलवार को तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश आई। बारिश की वजह से उमस का दम निकल गया। गर्मी से भी लोगों को निजात मिल गई। पारा भी छह से सात डिग्री नीचे लुढ़क गया। जिससे मौसम में हल्की ठंडक घुल गई। हालांकि हवा थमने के बाद हल्की उमस तो बनी रही,लेकिन बारिश की वजह से जल्दी ही उमस घुटने टेकती नजर आई।

सुबह सवेरे लोग उठे तो उस वक्त सूर्य की तपिश तेज थी। कुछ देर बाद उमस ने अपनी मौसम पर अपनी पकड़ बनानी आरंभ कर दी। जिस तरह से दिन चढ़ा। उसी हिसाब से उमस की पकड़ मजबूत बन गई। उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। करीब साढ़े 12 बजे पश्चिमी दिशा में बादलों का झुंड बनना शुरू हुआ। आधे घंटे में पूरी तरह से काली घटाओं में तब्दील हो गया। एक बजे के आसपास आसमान में बादलों की गडगड़ाहट शुरू हो गई। थोड़ी देर में धूल भरी आंधी चलने लगी। करीब आधे घंटे बाद धूल भरी आंधी से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया। करीब दस मिनट तक धूल भरी आंधी चली। उसके बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। उसके बाद बारिश ने तेजी पकड़ी,लेकिन पांच मिनट बाद बारिश पर ब्रेक लगा। इस दौरान हवा उसी तरह से चलती रही। बूंदाबांदी से धूल से निजात मिल गई। पारा भी लुढ़क कर 37 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। लोगों को गर्मी से राहत मिल गई।

#### फसलों में होगा फायदा

हालही में हल्की बारिश से गर्मी से तो राहत मिली है। साथ में बारिश से खरीफ फसलों में भी फायदा होगा। क्योंकि इस वक्त फसलों को सिंचाई की जरूरत थी। वह पूरी हो गई। हल्की बारिश से ही फसलों में फुटाव बढ़ेगा और उसकी औसतन पैदावार भी बढ़ेगी। दूसरी तरफ बूंदाबांदी से सब्जी वाली फसलों में भी फायदा होगा। इन फसलों को भी सिंचाई की जरूरत थी। वह पूरी हो गई।

## मुंढाल-तालू लिंक ड्रेन की सफाई का कार्य अंतिम चरण में, छह गांवों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- जलभराव की समस्या से मुक्ति के लिए की जा रही है सफाई
- 14.58 किलोमीटर लंबी ड्रेन की सफाई पर 7.41 लाख रुपये खर्च करेगा जिला प्रशासन



मानसून के मद्देनजर जिला में विभिन्न ड्रेनों की सफाई का कार्य चल रहा है, जिसमें मुंढाल-तालू लिंक ड्रेन भी शामिल है। गांव मुंढाल और कुंगड़ क्षेत्र में ड्रेन की आंतरिक सफाई का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। सफाई का कार्य प्रगति पर है जल्दी ही तालू क्षेत्र में पहुंच जाएगा। सिंचाई विभाग ने 30 जून तक ड्रेन की सफाई करने का लक्ष्य रखा है।

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राहुल छिल्लर ने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार मुंढाल-तालू लिंक ड्रेन की आंतरिक सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों द्वारा ड्रेन की सफाई के कार्य का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 14.58 किलोमीटर (47,844 फीट) लंबी इस ड्रेन की सफाई पर 7.41 लाख रुपये की लागत खर्च की जा रही है। उन्होंने बताया कि ड्रेन की सफाई पूरी होने से बरसात के मौसम में पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। इस परियोजना से गांव मुंढाल खुर्द, मुंढाल कलां, तालू, कुंगड़, सिवाना तथा ढाणी मेहंदा के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।

## एसडीएम ने नहरों और पंप हाउस का किया औचक निरीक्षण



भिवानी। माइनर का निरीक्षण करते एसडीएम आशीष सांगवान।

नहरों में जमा सिल्ट और जलीय घास-फूस को हटाने के कार्य में तेजी लाएं।

चरखी दादरी। उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशानुसार आगामी मानसून को देखते हुए एसडीएम बाढ़ड़ा आशीष सांगवान व विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र की प्रमुख नहरों व पंप हाउस का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य नहरों की वर्तमान स्थिति, सिल्ट की सफाई, तटबंधों की मजबूती व पानी की उपलब्धता की जांच करना था। एसडीएम सांगवान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नहर के अंतिम छोर तक सफाई पूरी तरह से करवाई जा रही है, ताकि मानसून में नहरे आवरफलो न हो तथा अंतिम छोर पर बैठे किसानों को पूरा पानी मिलना मिल सके, जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानसून की तैयारियों के मद्देनजर, विभाग को नहरों के कमजोर पड़ चुके बुर्जों और तटबंधों को तुरंत दुरुस्त करने को कहा, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के कटाव या बाढ़ जैसी स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि नहरों में जमा सिल्ट और जलीय घास-फूस को हटाने के कार्य में तेजी लाएं, ताकि पानी का प्रवाह बिना किसी रुकावट के बना रहे।


### खबर संक्षेप

#### मैच पर सट्टा लगवाने वाला किया गिरफ्तार

भिवानी। पुलिस की सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने भारत-साउथ अफ्रीका क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। 22 जून को सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के सहायक उप निरीक्षक सुभाष चंद अपनी टीम के साथ बावड़ी गेट क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम को होटल में मैच पर सट्टा लगवाने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए होटल में दबिश दी और मैच पर सट्टा लगवा रहे व्यक्ति को मौके पर ही काबू कर लिया। आरोपी की पहचान तिलक निवासी रामगंज मोहल्ला, दादरी गेट, भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 1,65,000 नकद राशि, पांच फोन तथा सट्टे के हिसाब-किताब से संबंधित रजिस्टर बरामद किया गया है।

#### 25 को होगा पीएम स्वनिधि महोत्सव

भिवानी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 25 जून को 10 बजे पंचायत भवन में पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में विधायक घनश्याम सर्राफ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों से प्रतिनिधि पीएम स्वनिधि से संबंधित योजनाओं की विस्तार से जानकारी देंगे। कार्यक्रम में जिले के सभी रेहड़ी-फड़ी संचालकों एवं छोटे दुकानदारों से आह्वान किया गया है कि वे पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लें। महोत्सव में आने वाले लाभार्थी आधार कार्ड, बैंक पासबुक और वोटर आईडी अवश्य लेकर आएं।



भिवानी। काली पट्टी बांधकर रोष प्रकट करते पशु चिकित्सक।

## वीएलडीए पर हमले से नाराजगी काली पट्टी बांधकर किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

- दोषियों की गिरफ्तारी की मांग, दो दिन तक काली पट्टी बांधकर करेंगे कार्य

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के वीएलडीए सुरेंद्र पर ड्यूटी के दौरान हुए जानलेवा हमले के विरोध में हरियाणा वेटरनरी सर्विसेज एसोसिएशन ने काली पट्टी बांधकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। एसोसिएशन ने मु2यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।एसोसिएशन के जिला प्रधान ने बताया कि वीएलडीए सुरेंद्र गांव डबरकी में एचएस एवं एफएमडी टीकाकरण अभियान के तहत सरकारी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे थे। आरोप है कि टीकाकरण के बाद एक बछड़े की मृत्यु होने पर संबंधित किसान ने आवेश में आकर उन पर हमला कर दिया।

हमले में सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। एसोसिएशन ने कहा कि घटना केवल कर्मचारी पर हमला नहीं, बल्कि पशुपालन विभाग के सभी कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान पर सीधा हमला है। विभाग के कर्मचारी सरकार की विभिन्न योजनाओं व पशुधन संरक्षण कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करते हैं, ऐसे में ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों पर हमले विभागीय कार्यों को प्रभावित करने के साथ-साथ कर्मचारियों का मनोबल भी गिराते हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि आरोपितों के खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, घायल कर्मचारी को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन को निर्देश दिए जाएं, उनके उपचार व आर्थिक सहायता की व्यवस्था की जाए तथा भविष्य में फील्ड ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि आगामी दो दिनों के भीतर आरोपितों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो राज्यभर के वीएलडीए और पशुपालन विभाग के कर्मचारी आगे की रणनीति तय करने को बाध्य होंगे। विरोध स्वरूप विभागीय कर्मचारी अगले दो दिनों तक काली पट्टी बांधकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे।

## बाहुबल और दबंगई के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा, प्रशासन का पुतला फूंक जताया रोष



भिवानी। दिनोद गेट स्थित टिबड़ेवाल सभागार के सामने पिछले 65 वर्षों से मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवारों का पालन-पोषण कर रहे छह गरीब परिवारों को कथित रूप से जबरन एवं गैर-कानूनी तरीके से बेदखल करने के प्रयास के विरोध में मंगलवार को भारी जनाक्रोश देखने को मिला। संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में सामाजिक, किसान, कर्मचारी, व्यापारी एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने दिनोद गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया, प्रशासन का पुतला फूंका तथा नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। दुकानदार प्रवीन सैनी और सतवीर सैनी ने आरोप लगाया कि 16 जून को पुलिस अधिकारियों एवं कुछ संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके पास पहुंचकर दुकानें खाली करने के लिए कहा। उनका कहना है कि जब उन्होंने आदेश, न्यायालय के दस्तावेज या शिकायत की प्रति दिखाने का अनुरोध किया तो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि 19 जून को दिनोद गेट चौकी में लिखित शिकायत देकर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वक्ताओं ने कहा कि यह संघर्ष केवल छह परिवारों का नहीं, बल्कि न्याय, संविधान और गरीबों के अधिकारों की रक्षा का सवाल है।

## टैक्सी स्टैंड पर जमा बारिश के गंदे पानी की निकासी के लिए नपा ने शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा में बरसात के दौरान टैक्सी स्टैंड क्षेत्र में जमा होने वाले गंदे पानी की समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका ने विशेष अभियान शुरू कर दिया है। नगर पालिका द्वारा टैक्सी स्टैंड पर जमा बारिश के गंदे पानी को बाहर निकालने के लिए मछली मोटरों की सहायता ली जा रही है, जिससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने मौके पर पहुंचकर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में कई स्थानों पर पानी जमा हो जाता है, जिससे आमजन और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में नगर पालिका द्वारा तीन नई मछली मोटरें खरीदी गई हैं। अध्यक्ष सुंदर अत्री ने बताया कि ये मछली मोटरें बिजली से संचालित होंगी, जिससे डीजल या तेल पर होने वाले अतिरिक्त खर्च से बचत होगी। आधुनिक तकनीक से लैस इन मोटरों के माध्यम से कम समय में अधिक मात्रा में पानी बाहर निकाला जा सकेगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य बरसात के दौरान शहर में जलभराव की समस्या को कम करना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## पैरोल की शर्तों का उल्लंघन करने वाला बंदी भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



पेरोल पर जेल से बाहर आए बंदियों द्वारा शर्तों का उल्लंघन करने पर अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में तोशाम के एक बंदी की पैरोल रद्द कर उसे दोबारा जेल भेज दिया गया। साथ ही उसके साथ हुड़दंग करने वाले 16 युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

थाना बहल के प्रबंधक निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि गुलशन नगर कॉलोनी, तोशाम निवासी बंदी मनदीप उर्फ बागड़ी पैरोल पर जेल से बाहर आया हुआ था। आरोप है कि उसने 4 जून को अपने साथियों के साथ 10 से 15 गाड़ियों के काफिले में गांव बुढेड़ा पहुंचकर शक्ति प्रदर्शन किया और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया गया। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने पैरोल शर्तों के उल्लंघन की रिपोर्ट तैयार कर पैरोल निरस्त करने की सिफारिश भेजी, जिसे सक्षम प्राधिकारी ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद मनदीप को पुनः जिला कारागार भिवानी भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मनदीप के खिलाफ वर्ष 2018 और 2020 के दो गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, हत्या का प्रयास और हत्या जैसी धाराएं शामिल हैं।

वह वर्तमान में उम्रकैद की सजा भुगत रहा था। पुलिस ने उसके 16 साथियों को भी गिरफ्तार कर उनके खिलाफ निवारक कार्रवाई की है।



भिवानी। शहर के विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए डीएमसी।

## डीएमसी ने शहर में विभिन्न जगहों पर किया विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से समझौता नहीं : डीएमसी

डीएमसी हरबीर सिंह ने मंगलवार को शहर में नगर परिषद द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और निर्माण मानकों की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। डीएमसी ने शहर में कृष्णा कॉलोनी, फ्रेंड्स कॉलोनी की नवनिर्मित गलियों तथा सेक्टर-13 की मुख्य मार्केट में बनाई गई पार्किंग सडक़ का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों में प्रयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने के साथ-साथ कार्यों की पैमाइश भी करवाई गई। जिला नगर आयुक्त ने संबंधित कॉलोनियों के निवासियों से बातचीत कर विकास कार्यों की गुणवत्ता और उपयोगिता के बारे में भी जानकारी ली। जिला नगर आयुक्त ने कहा कि नगर परिषद भिवानी द्वारा शहर में करवाए जा रहे विकास कार्यों की नियमित रूप से जांच की जाएगी ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी फर्म अथवा ठेकेदार द्वारा विकास कार्यों में निर्धारित मानकों के विपरीत या निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया पाया गया तो संबंधित फर्म या ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार सख्त प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करना नगर परिषद की प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता जसवंत सिंह, सहायक राहुल तथा संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित रहे।

### लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने पर प्रशासन ने उठाया सख्त कदम

# खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों पर ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अतिरिक्त उपायुक्त बाबू लाल कारवा।

पांच विभिन्न मामलों में कुल एक लाख 38 हजार 995 रुपये का जुर्माना लगाया गया

खाद्य पदार्थों में मिलावट करना गैर कानूनी होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई की। उन्होंने केसों की सुनवाई करते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं नियमों के उल्लंघन के दोषी पाए गए कारोबारियों पर जुर्माना लगाया। एडीसी ने सुनवाई के दौरान पांच विभिन्न मामलों में कुल एक लाख 38 हजार 995 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

एडीसी शकरवा ने सुनवाई के दौरान भिवानी शहर स्थित ओम मिष्ठान भंडार का खाद्य पदार्थ नमूना सब-स्टैंडर्ड पाए जाने पर 49,999 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं कशिश डेयरी एंड मिष्ठान भंडार, दादरी गेट भिवानी, को बिना पंजीकरण कारोबार संचालित करने के मामले में 2,999 रुपये तथा बटेली टी कंपनी, हालू बाजार भिवानी को बिना लाइसेंस कार्य करने पर 5,999 रुपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा शिव पनीर भंडार, शांति नगर भिवानी के प्रतिष्ठान से लिया गया नमूना सब-स्टैंडर्ड पाए जाने पर 49,999 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार बुधराम बेसन वाले, हालू बाजार चौक का खाद्य पदार्थ नमूना मानकों के अनुरूप नहीं मिलने पर 29,999 रुपये का जुर्माना किया गया।

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों और खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करना गैर कानूनी होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने खाद्य कारोबारियों से निर्धारित मानकों का पालन करने तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने की अपील की।



# बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

**नई दिल्ली।** बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।

## लाइफ Style

# अनुष्का

## कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल

एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।



## हॉलीवुड मसाला



# डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।



# एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन' फ्रैंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।



# बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

**मुंबई।** बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई। सिंगर ने कहा, 'अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी बहुत अच्छे इंसान हैं।



# वो 7 दिन के 43 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

**मुंबई।** 1983 में आई सुपरहिट फिल्म 'वो 7 दिन' के 23 जून को पूरे 43 साल हो गए हैं। अनिल कपूर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। अनिल कपूर ने बताया कि इसी फिल्म ने उन्हें हिंदी सिनेमा में असली पहचान दिलाई। अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के कई सीन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसके बैकग्राउंड में फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार किया नहीं जाता' बज रहा है। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्में हमेशा दिल के करीब रहती हैं और 'वो 7 दिन' उनके लिए हमेशा बेहद खास रहेगी। अनिल कपूर ने फिल्म के साथी कलाकारों और अपने परिवार का आभार जताया। नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे के बारे में अनिल कपूर ने कहा कि वे इन दोनों कलाकारों के हमेशा आभारी रहेंगे।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभाने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं, पर शादी नहीं हुई है।

## 'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'

**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है। उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ों पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।'



# पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान, फिल्म 'रूह' की घोषणा

**मुंबई।** हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे। इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है। मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें।'

# घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...





**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

## 77 साल बाद भी कल्ट सॉन्ग सुन कांपती है रूह

# माइक से 25 फीट दूर खड़े होकर लता ने गाया था भूतिया गाना

### बिना साउंड ट्रैक के गाया था हॉरर गाना

लता मंगेशकर की आवाज में गाए हम जिस कल्ट क्लासिक सॉन्ग का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1949 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'महल' का है, जिसमें अशोक कुमार और मधुबाला ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म का एवरग्रीन हिट सॉन्ग 'आएगा आने वाला आएगा' उस दौर में बहुत बड़ा हिट हुआ था। महल के गाने ने एक गाने ने लता मंगेशकर को बॉलीवुड में वह मुकाम दिया था, जिसकी कल्पना भी सिंगर ने नहीं की थी। हालांकि, 'आएगा आने वाला आएगा' गाने में हॉरर फील लाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। उस समय पर तकनीकी उपकरण कम थे, जिसकी वजह से इस गाने को गाने के लिए लता मंगेशकर को कमाल अमरोही और खेमचंद प्रकाश ने खाली रूम में एकदम कोने में खड़ा किया था।

*नई दिल्ली। स्वरकोकिला लता मंगेशकर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गाने दिए हैं। उनकी आवाज में गाने सुनते ही दर्शको धुन में खो जाते हैं। 36 से अधिक भाषाओं में गाने देने वालीं लता मंगेशकर ने वैसे तो अपने करियर में कई यादगार गाने गाए हैं, लेकिन 77 साल पहले उन्होंने एक ऐसा गीत गाया था, जिसे आज भी अकेले में सुनने में थोड़ा डर का एहसास होने लगेगा। जिस गाने के बारे में हम आपको बता रहे हैं, उसके बाद ही लता मंगेशकर को 'सुर सम्राज्ञी' का टैग मिला था।*



### 9 लाख के बजट में बनी महल हुई थी सुपरहिट

लता मंगेशकर की आवाज में गाए इस गीत के बाद ही वह हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सिंगर बनकर उभरीं। जहां लता मंगेशकर ने गाने को आवाज दी, तो वहीं दूसरी तरफ खेमचंद प्रकाश ने इसका म्यूजिक कंपोज किया। साल 1949 में रिलीज हुई 'महल' का बजट उस दौर में 9 लाख के आसपास था, लेकिन फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई थी।

### भूतों का फील लाने के लिए बिना टेक्निक किया रिकॉर्ड

*एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स चाहते थे कि जब यह गाना बजे तो ऐसा लगे कि कोई अदृश्य साया या भूत दूर से गाते हुए धीरे-धीरे पास आ रहा है। जिसके लिए लता मंगेशकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में खाली जगह पर थीं और उनसे माइक तकरीबन 25 फीट दूर था। रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बीचों-बीच एक माइक्रोफोन रखा गया था। जब लता मंगेशकर ने गाने 'खामोश है जमाना, चुपचाप हैं सितारे...' गाना शुरू किया तो दूर से उनकी आवाज आ रही थी, जो बेहद धीमे थी। वह माइक की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं, जिससे यह लगे कि 'महल' में मौजूद साए कि आवाज 'हरि' के करीब आ रही है। इत्तेफाक से मुख्य मुखड़े 'आएगा आने वाला आएगा' लाइन आने तक वह माइक के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। मेकर्स ने जिस तरह से इस गाने की प्लानिंग की थी, ठीक सब चीजें उसी तरह से चली, जब 'महल' रिलीज हुई और यह गाना उस दौर में थिएटर्स में बजा तो लोगों को बेहद पसंद आया, लेकिन साथ ही काफी डर भी लगा।*

## खबर संक्षेप



भिवानी। भंडारे में प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### हालुवास के बालाजी मंदिर का मनाया स्थापना दिवस

**भिवानी।** हालुवास में श्रीबालाजी मंदिर वाटिका धाम 18वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में सुबह 8 बजे हवन एवं 9 बजे प्रसाद वितरण किया। मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सत्संग का आयोजन किया एवं बाबा के भजनों का गुणगान किया।

संयोग से स्थापना दिवस पर शुक्ल पक्ष की नोमी व मंगलवार रहा। कमेटी सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। मंदिर कमेटी के प्रधान हरीश हालुवासिया ने बताया कि हर साल की भांति बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती एवं स्थापना दिवस मुख्य रूप से मनाया जाता है। लोगों में मंदिर के प्रति विशेष लगाव है और बाबा सब की कामनाओं को पूर्ति करता है।

### भगवान परशुराम जनसेवा समिति ने चलाया गोसेवा अभियान

**लोहारू।** भगवान परशुराम जनसेवा समिति ने श्रीगोपाल गोशाला में सेवा अभियान की शुरुआत की तथा समिति सदस्यों ने गोशाला को सवामणी लगाई। समिति के प्रधान डॉ. सुरेश भारद्वाज ने बताया कि लोहारू क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जनसेवा समिति का गठन किया है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की बनती है। समिति बुजुर्गों का सम्मान, पर्यावरण सरंक्षण, जल सरंक्षण, विद्यार्थियों एवं अध्यापक वर्ग के लिए प्रतिभा-सम्मान, महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण, बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था, सड़क सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान एवं नागरिकों में आपसी सौहार्द एवं राष्ट्रीयता की भावना का विकास करना शामिल है।

### खेतों में युवक का शव मिलने से सनसनी

**मंडी अटेली।** मंगलवार सायं करीब पांच बजे अटेली क्षेत्र के गांव ताजपुर के खेतों में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की जानकारी तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतक की पहचान उत्तराखंड निवासी करीब 42 वर्षीय हरीश पुत्र बलदेव के रूप में हुई है। हरीश पिछले लगभग 15 वर्षों से ताजपुर में अपनी बुआ भगवती के पास रह रहा था। बताया जा रहा है कि उसकी बुआ के कोई पुत्र नहीं है, जिसके चलते वह उनके साथ रहकर उनका सहारा बना हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार हरीश शराब का आदी था।

जम्मू-कश्मीर में एक देश, एक विधान और एक निशान के सिद्धांत के लिए संघर्ष किया

# डॉ. मुखर्जी ने जनकल्याण की राजनीति को दी नई दिशा:अजय

## राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

गांव बिधनोई में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ढिगावा मंडल के ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नवीन बागान बिधनोई ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि देशहित को सर्वोपरि रखने की उनकी सोच सदैव प्रासंगिक रहेगी। भाजपा नेता अजय बिधनोई ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रवाद और जनकल्याण की राजनीति को नई दिशा दी। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में एक देश, एक विधान और एक निशान के सिद्धांत के लिए संघर्ष किया। उनका बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। इस अवसर पर रोशन श्योराण, मनोज श्योराण, सतपाल, ईश्वर, अजय बिधनोई, मंजीत, दयाकिशन शर्मा, रविन्द्र, चिंटू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।





बहल। श्यामा प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए तथा भिवानी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

### डॉ. मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा



**तोशाम।** भाजपा कैरू मंडल अध्यक्ष सतीश वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल अध्यक्ष सतीश वर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद करते हुए राष्ट्रवाद की शपथ ली। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। मंडल अध्यक्ष सतीश वर्मा ने कहा "डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान' की नीति का डटकर विरोध किया और कश्मीर को पूर्ण रूप से भारत में विलय के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। कैरू मंडल के सभी कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी के सपनों के भारत के निर्माण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे।"कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा के पूर्व प्रदेश सह-मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। भाजपा नेता रीतिक वधवा ने उन्हें राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का सच्चा पुरोधा बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार चिरकाल तक प्रासंगिक रहेंगे। वधवा ने डॉ. मुखर्जी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी दूरदर्शी सोच से देश में शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास की एक मजबूत नींव रखी। इसके साथ ही सामरिक दृष्टि से भारत को सशक्त बनाने में भी उनका बेहद अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक निशान, एक विधान' के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लिए देशहित से ऊपर कुछ नहीं था। भारत की अखंडता के लिए उनके द्वारा दिए बलिदान एवं संघर्ष ने ही कश्मीर और बंगाल को देश का अभिन्न अंग बनाए रखा, ऐसे अप्रतिम राष्ट्रनायक को उन्होंने कोटिशः नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक तिगड़ी, अजीत तिगड़ी, धर्मेंद्र अरोड़ा, भूपेंद्र तिगड़ी सहित अनेक भाजपाईओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।



तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान' की नीति का विरोध किया

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

भाजपा बापोड़ा मंडल के सदस्यों ने मंगलवार को देश के महान राष्ट्रवादी, जनसंघ के संस्थापक और भारत माता की एकता के अमर सिपाही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद करते हुए राष्ट्रवाद की शपथ ली। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने कहा की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान' की नीति का डटकर विरोध किया और कश्मीर को पूर्ण रूप से भारत में विलय के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री दिनेश भारद्वाज जिला कार्यकारिणी सदस्य इमरान बापोड़ा, राजपाल जोगी,राम अवतार शर्मा ,जयपाल चेयरमेन, पवन धतरवाल, कश्मीर सिंह, एससी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राजवीर सिंह, राजवीर आदि मौजूद रहे।

#### मुखर्जी की विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प

बापोड़ा मंडल के सभी कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी के सपनों के भारत के निर्माण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने डॉ. मुखर्जी के चित्र के सामने दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बापोड़ा मंडल के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि आगामी दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा को और अधिक मजबूती से पहुंचाया जाएगा।

# तपस्या की मूर्त थी ब्रह्माकुमारी जगदंबा सरस्वती: बीके रजनी

- जैसा उनका नाम वैसा ही उनका काम : बीके रजनी दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की प्रथम मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी जगदंबा सरस्वती को नमन करते बीके भाई बहन।

ब्रह्माकुमारी जगदंबा सरस्वती प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हैड ऑफिस माउंटआबू की प्रथम मुख्य प्रशासिका थी, उनकी पुण्य स्मृति दिवस पर बीके रजनी दीदी ने कहा कि जैसा उनका नाम वैसा ही उनका काम था। नाम सरस्वती था तो ज्ञान की देवी थी, क्योंकि वह अपने जीवन को अपने कर्मों के द्वारा प्रत्यक्ष करती थी, इसलिए उन्हें त्याग, तपस्या एवं सेवा की मूर्त माना जाता था। ब्रह्माकुमारी जगदंबा सरस्वती उम्र में सबसे छोटी थी, लेकिन जिम्मेदारियां निभाने में सबसे बड़ी थी, वह उम्र में छोटी थी, परंतु उनकी वाणी में ओज वा सरलता झलकती थी। गंभीरता रमणीकता के गुण से उनका जीवन भरपूर था। दधीचि ऋषि की तरह उन्होंने अपना तन ईश्वरीय सेवा में लगा दिया। उनके त्याग को देखकर उनकी लौकिक मां भी उन्हें मां कहकर पुकारते थे। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी सुभाष गोयल, गांव बीरण से नीलम यादव, शीतल सैनी, कमल सैनी आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने खुले दरबार में सुनीं जनसमस्याएं

- विकास कार्यों में हो रही परेशानी का भविष्य में मिलेगा सीधा फायदा : सांगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। लोगों की समस्या सुनते विधायक सुनील सांगवान। फोटो : हरिभूमि

दादरी विधानसभा क्षेत्र के विकास और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर विधायक सुनील सांगवान पूरी तरह एक्शन मोड में हैं। मंगलवार को उन्होंने कैंप कार्यालय में खुला दरबार लगाया, जहां बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग अपनी शिकायतें और मांगें लेकर पहुंचे। दरबार के दौरान विधायक ने सभी की समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को प्राथमिकता आधार पर समाधान के कड़े निर्देश दिए। विधायक सुनील सांगवान ने आमजन से बातचीत करते हुए कहा कि दादरी शहर सहित तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय धरातल पर बड़े स्तर पर विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जब भी कोई बड़ा निर्माण या विकास कार्य होता है, तो अस्थायी रूप से लोगों को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन हमें ये समझना होगा कि आज की यह थोड़ी सी परेशानी कल हमारे सुनहरे भविष्य की नींव रखेगी, जैसे ही ये विकास कार्य पूरे होंगे, जिसका सीधा और स्थायी फायदा दादरी की जनता को मिलेगा।

#### जनहित के कार्यों में ढिलाई न करें

विधायक सांगवान ने प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार की पीठ थपथपाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे हरियाणा सहित दादरी जिले के विकास को नई गति दी जा रही है। सरकार का मुख्य ध्येय बिना किसी भेदभाव के हर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी तरह की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दरबार में मुख्य रूप से बिजली, पानी, टूटी सड़कों व सीवरेज जैसी बुनियादी समस्याओं के मुद्दे छाए रहे।



भिवानी। सत्संग में प्रवचन देते प्रचारक महात्मा लालजी।

### परमात्मा की भक्ति से ही मिलेगा सुकून

**भिवानी।** हांसी गेट स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में विशाल दिव्य सत्संग का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता दिल्ली से पधारे प्रचारक महात्मा लालजी ने की। कार्यक्रम में चरखी दादरी व भिवानी जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से भारी संख्या में निरंकारी श्रद्धालु एवं अन्य प्रभुप्रेमिओं ने श्रद्धा के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महात्मा लालजी ने फरमाया कि इंसान को इंसान बने रहने के लिए जितने भी शिक्षाओं की जरूरत होती है, सब पूर्ण सद्गुरू से ही मिलती है। पूर्ण सद्गुरू से ब्रह्म ज्ञान मिलने के बाद इंसान के अंदर विवेक जागता है और सभी प्रकार की दुविधा खत्म हो जाती हैं। इस दुःख भरे संसार में परमात्मा की भक्ति करके ही शान्ति एवं सुकून मिलेगा। ब्रह्मज्ञान ही एक ऐसा साधन है, जिसको अपनाने से इन्सान निर्भय हो जाता है और इंसान हर जगह सम्मान का पात्र बनता है। श्री बलदेव राज नागपाल जोनल इन्चार्ज भिवानी जोन ने सत्संग में उपस्थित मानव परिवार का आभार प्रकट किया और सबके भले की प्रार्थना की।

# जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहूंगा : अनिरुद्ध चौधरी

- नए-पुराने बंसीलाल,महेंद्रा के समर्थकों सहित प्रत्येक हलके से पहुंचे लोगों ने दी ग्रामीण अध्यक्ष को बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



मंगलवार को कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी का 50 वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल व पूर्व विधायक रणबीर सिंह महेंद्रा के समर्थकों के अलावा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, 15-16 जिलों से पहुंचे जिला अध्यक्षों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा हजारों की संख्या में पहुंचे समर्थकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, शहरी अध्यक्ष प्रदीप गुलिया सहित अनेक लोग ढोल नंगाड़ों की थाप पर नाचते हुए कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि अनिरुद्ध चौधरी कांग्रेस पार्टी के एक सक्रिय, कर्मठ और जनहितैषी नेता हैं, जिन्होंने हमेशा आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य किया है। सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो प्रेम, सम्मान और स्नेह मिला है, वह उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# डिप्टी डायरेक्टर ने स्कूल में नामांकन बढ़ाने पर दिया जोर

- किसी भी विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं की कमी नहीं रहनी चाहिए : डॉ. वीना सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

विद्यालय शिक्षा विभाग की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. वीना सिंह ने डीईओ, डीईईओ, बीईओ व क्लस्टर हेड के साथ बैठक कर विद्यालयों की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने एवं नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पुस्तकालय एवं विद्यार्थियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले में शैक्षणिक उपलब्धियों पर जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी, विद्यालय मुखियाओं एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि ये उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है और जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं की कमी नहीं रहनी चाहिए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। डॉ. वीना ने कहा कि छुट्टियों के बाद सभी विद्यालय पूरी तरह तैयार अवस्था में खुलें, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिले और नामांकन में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

**सम्मान** | बिजली कर्मचारियों ने सम्मान समारोह में सूरजमल लेघां को किया सम्मानित

कैरू एवं जुई ब्लॉक के बिजली कर्मचारियों ने सम्मान समारोह का आयोजन करवाया

# पूर्व सर्कल सचिव सूरजमल लेघां बिजली निगम में कनिष्ठ अभियंता पदोन्नत हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा कर्मचारी महासंघ राज्य उपप्रधान एवं पूर्व सर्कल सचिव सूरजमल लेघा को बिजली निगम में बतौर कनिष्ठ अभियंता जेई के पद पर पदोन्नत किया गया हैं। उनकी पदोन्नति के उपलक्ष्य में कैरू एवं जुई ब्लॉक के बिजली कर्मचारियों ने सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया।

समारोह में शिवानी, लोहारू, ढिगावा, बहल, भिवानी तथा चरखी दादरी क्षेत्र से कर्मचारी एवं संघ पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कैरू ब्लॉक के प्रधान जयप्रकाश बुडानिया ने कहा कि



भिवानी। सूरजमल लेघां को सम्मानित करते बिजली कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

सूरजमल लेघां ने अपने लंबे सेवाकाल में कर्मचारी हितों की मजबूती से आवाज उठाई है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ विभागीय कार्यों में भी उत्कृष्ट योगदान दिया है, उनकी पदोन्नति उनकी मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि कनिष्ठ अभियंता के रूप में भी वे विभाग एवं कर्मचारियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। इस अवसर पर प्रधान नाहरसिंह, सचिव संजय, जगदीश, रमेश, सुनील, रमेश गारंपुरा, सुनील चहल, सुधीर यादव, ललित प्रधान, पवन प्रधान, कपिल सिमली, सुखवेन्द्र, संदीप, रीतिक, राजकुमार फोरमैन, राजबीर लौर, कृष्ण प्रधान, राजेश सूरा व विकास चौपड़ा सहित महासंघ के अनेक पदाधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

#### सफल कार्यकाल की सराहना की

कैरू ब्लॉक प्रधान जयप्रकाश बुड़ानिया ने कहा कि सूरजमल लेघा ने 33केवी सब स्टेशन प्रभारी के रूप में लगभग 12 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी और ईमानदारी, कार्यकुशलता और समर्पण का परिचय दिया है। उनके नेतृत्व में कर्मचारियों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे तथा कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। वक्ताओं ने सूरजमल लेघा के 33केवी स्टेशन इंचार्ज के रूप में लगभग 12 वर्षों के सफल कार्यकाल की सराहना की।

# पूर्व चेयरमैन बलिदानी नंदलाल चावला की 18वीं पुण्यतिथि मनाई

- विधायक सर्राफ ने नंदलाल चावला पार्क सौंदर्यीकरण के लिए दिए 5 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। नंदलाल की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पूर्व चेयरमैन बलिदानी नंदलाल चावला की 18वीं पुण्यतिथि पर नगर परिषद भिवानी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक घनश्याम सर्राफ व नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह सहित सैकड़ों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

दिवंगत नेता की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि बलिदानी नंदलाल चावला हमेशा शहर के विकास की सोच रखते थे। उन्होंने हमारे साथ मिलकर शहर में विकास के लिए काम किया। नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि बलिदानी नंदलाल चावला ने बहुत सी योजनाओं चालू किया था जिन पर आज कार्य चल रहा है। चावला के पुत्र भाजपा प्रवक्ता विनोद चावला ने कहा कि उनके ने उन्हें ईमानदारी के रास्ते पर चलना व हमेशा गरीब की मदद करना सिखाया है। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण भी किया। विधायक सर्राफ ने नंदलाल चावल पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख की अनुदान राशि देने की घोषणा की।

# गांव में एक आध होता था हजारपति साहूकार, वही उधार देता था गांव की ज्यादातर शादियों में पैसा

याद बहुत आते हैं वो दिन...



▶▶| आम आदमी के पास नहीं था एक रुपया, रुपये का मतलब था हाथी का पांव

▶▶| 12 रुपये में हुई थी बड़े भाई की शादी, साहूकार से उधार लिए गहने, खाना-पीना व तील-तागा को रुपये

▶▶| धर्मबीर नागर ने कहा कि पुराने समय में उन्होंने एक रुपया कभी नहीं देखा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आम आदमी के पास एक रुपया नहीं होता था, रुपया का मतलब हाथी का पांव एवं साहूकार होता था। वहीं गांव में एक आध व्यक्ति ही हजारपति होता था, जो गांव की अधिकत्तर शादियों में कर्ज स्वरूप उधार में पैसा देता था, जिसे गांव में साहूकार बोलते थे और आते-जाते उन्हें राम-राम कहकर निकलते थे, उक्त पुराने संस्मरण गांव बौंदखुर्द एवं हाल हनुमान गेट निवासी धर्मबीर नागर ने सांझा किए। उन्होंने बता कि गांवों के अधिकतर घर कच्चे एवं गलियां कच्ची होती थी और बड़े गांवों में बड़ी मुश्किल से तीन से चार हवेली होती थी, जिनकी लाख, गुड़ व सन से बने चुने के मिश्रण से चिनाई हुई होती थी और गांव में उनमें रहने वालों को हवेली वालों के नाम से पुकारा जाता था। धर्मबीर नागर ने कहा कि वे 77 वर्ष के हो गए हैं, पुराने समय में उन्होंने एक रुपया कभी नहीं देखा था और एक रुपया आम आदमी की पहुंच से काफी दूर होता था, एक रुपये का मतलब हाथी का पांव मतलब साहूकार होता था, जो गांवों में अधिकत्तर शादियों में खर्च के लिए उधार में कर्ज देता था।



गांव बौंदखुर्द एवं हनुमान गेट निवासी धर्मबीर नागर।

## बदलते समय की कीमत

अब एक बच्चे को रोने से चुप करवाने के लिए 10 रुपये का कुरकुरा या बिस्कुट का मात्र एक पैकेट आता हैं और अगले चार मिनट में दस रुपये फुरर हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि मेरे बड़े भाई शिवलाल की शादी भिवानी में हुई थी तो शादी का सारा खर्च करने के लिए साहूकार से कर्ज लिया था। शादी में साहूकार ने 12 रुपये खर्च किए थे, जिनमें जेवरात, शादी में खाना-पीना व बहन-बेटियों के लिए तील-तागा की खरीदारी की गई थी। उन्होंने बताया कि एक बार मेरे मामा मास्टर मुखलाल ने हमारे गांव में खेती की और खेत में 12 मण चने हुए तो मामा ने मेरे पिताजी को कहा कि चने भिवानी ले जाने के लिए किसी का रेहड़ मंगवा दो, जिसपर मेरे पिता ने कहा कि तेरे चने तेरे घर पहुंच जाएंगे, दिक्कत मत मानै।

## दोषपूर्ण तोरण पर देवताओं की तस्वीर पर दूल्हा मारता कटारी कैसे रहेगा सुखमय जीवन

वर्ष 1966 में मेरी और मेरे भाई लखीराम की शादी बामला गांव में हुई तो हम दोनों भाई बैल रेहड़ और बाराती पैदल चलकर गए थे, उस समय शादी में 101 रुपये व पांच बर्तन दान स्वरूप मिले थे। मैने मेरे चार साथियों को शादी की पार्टी आठ आने (50 पैसे) की सैल तांगरी खिलाकर दी थी, आज हजारों रुपये खर्च होते हैं। उस समय शादी में साइकिल, घड़ी व रेहड़िया की शादी सबसे तगड़ी शादी मानी जाती थी। वहीं पहले रीति-रिवाज अनुसार खरड़ के नीचे शादी का मांढा बंधता था, गांव का खाती पांच चिड़िया वाला लकड़ी का तोरण व पाटड़ी बनाकर लाता था, जिनमें लोहे का कोई नामो निशान नहीं होता था, बल्कि कील भी लकड़ी की ही होती थी। दुल्हा लकड़ी के तोरण पर अपनी तलवार या कटार लगाता तो चिड़िया चहचाहट का संदेश देती थी, लेकिन आज दोषपूर्ण तोरण शादी में घरों के बाहर लगते हैं, जिनपर देवताओं की तस्वीर होती हैं और दुल्हा उन पूजनीय देवताओं पर कटारी या तलवार से चोट मारता हैं तो बताओ उनका जीवन कैसे सुखमय हो सकता हैं।

# बटेऊ आता तो खाने को मिलती थी गेहूं की रोटी व घी-बूरा, बच्चों का होता त्योहार सा दिन

▶▶| पहले पैसे की नहीं, आदमी की इज्जत थी, अब आदमी से बड़ा हो गया पैसा

▶▶| 1965 में 95 रुपये में जेएंडके में की फौज की ड्यूटी, आज सैनिक को लाख रुपये से ऊपर मिलता वेतन

▶▶| संस्कारों में आई गिरावट, पहले शादियों में मिलती थी पांच टाइम की रोटी, भाईचारा था मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुराने समय में बटेऊ ससुराल आता तो खाने में गेहूं की रोटी व घी-बुरा मिलता था और बच्चों के लिए वो दिन त्योहार जैसा होता था, क्योंकि अक्सर घरों में चने, ज्वार व जौ की रोटियां ही बनती थी, जिस दिन बटेऊ आता उस दिन घर में बच्चों को भी आधी-आधी रोटी व थोड़ा घी-बुरा खाने को मिल जाता तो आस-पड़ोस में बच्चे कई दिन तक इसका राग गाते थे कि हमने गेहूं की रोटी और घी-बुरा खाया, ये पुराने संस्मरण गांव बडेसरा एवं कोंट रोड निवासी चौधरी सहजराम कादयान ने सांझा किए। उन्होंने बताया कि पहले पैसे की नहीं, आदमी की इज्जत थी, लेकिन अब मामला बिल्कुल विपरीत हैं, अब पैसा आदमी से बड़ा हो गया हैं। जमीन जायदाद के लिए भाई-भाई का दुश्मन हो गया, लोग पैसे के लिए मर-कट रहे हैं। चौधरी सहजराम कादयान ने बताया कि वे 79 वर्ष के हो गए हैं, पहले चांदी का एक रुपये में शादी तय हो जाती थी, आज लाखों रुपये की डिमांड रखी जाती हैं।



गांव बडेसरा एवं कोंट रोड निवासी चौधरी सहजराम कादयान।

## पैसे की कीमत

वर्ष 1955 में महज आठ साल की उम्र में मेरे ससुर ने मुझे चांदी का रुपया देकर रिश्ता पक्का किया था और 1965 में मैं फौज में भर्ती हो गया था और 1966 में मेरी शादी हुई, अब रिश्ते के बाद नौकरी लग जाए तो या रिश्ता टूट जाता हैं या फिर लड़के वाला नौकरी लगने पर बड़ी डिमांड रख देते हैं और धमकी भी देते हैं, जो संस्कारों की गिरावट हैं। वर्ष 1965 में मैं फौज में भर्ती हुआ तो 95 रुपये में जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी करते थे और आज एक फौजी सैनिक को लाख रुपये से ऊपर वेतन एवं सभी प्रकार की सुख सुविधाएं मिलती हैं। पहले गांव की परस में रेडियों होते थे और बाद में परस में टीवी आया, जहां पूरा गांव इक्ट्ठा होकर खबरे सुनता एवं देखता था। फौज में ड्यूटी के दौरान 15 दिन पहले फौजी अफसर सैनिकों से किसको कितने पैसे लेने हैं की डिमांड पूछते थे तो उस समय सैनिक 10 रुपये ही मांगते थे, ये पैसे की कीमत होती थी, अब घर में कोई छोटा बच्चा हैं तो शाम तक 50-60 रुपये खर्च कर देता हैं, उस समय पैसे देखने को ही नहीं होते थे।

## पहले लोग मेहनती थे तो बीमारी का नहीं था नामो निशान

वर्ष 1966 में मेरी बारात तिपहिया टैम्पों में कोंट गांव में गई थी और वापस गांव लौटते समय धनाना व बडेसरा के बीच नहर में टैम्पों फंस गया तो गांव से बैलगाड़ी मंगवाई और हम दोनों बैलगाड़ी में बैठकर गए तथा बाराती पैदल घर पहुंचे। पहले गांवों में सभी घर कच्चे होते थे, मेरी याद में एक बार पौने घंटे इतनी तेज बरसात हुई थी कि सभी गांवों में लगभग 100 से 150 कच्चे घर गिर गए थे तब गांव के अन्य लोगों ने उनकी मदद की और अपने घरों में सामान रखवाया, ये भाईचारे की मजबूत मिशाल थी। पहले चार रुपये का सैर घी आता था, सोना-चांदी बिल्कुल सस्ता होता था, तब लोगों के पास पैसे नहीं थे। पहले लोग मेहनती थे, तो बीमारियां भी नहीं होती थी, बल्कि बीमारी का नामो निशान भी नहीं था, अब मेहनत रही नहीं तो हर घर में बीमारी आ गई हैं।

## सुंदर फीडर के शटर हुए बंद, जुई में आधा पानी छोड़ा

# महज 866 क्यूसेक बह रहा है जिले की नहरों में पानी

### खेत बिना सिंचाई के रहने के आसार बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

42 दिनों के अंतराल के बाद जिले की नहरों में नाममात्र ही पानी मिल पाया है। सिंचाई विभाग ने नहरों के लिए साढे 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग भेजी थी, लेकिन पानी की कमी के चलते जिले की तीनों की फीडरों को मात्र 866 क्यूसेक ही पानी मिल पाया है। जिस वजह से सिंचाई विभाग ने सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को बंद कर दिया, जबकि मिताथल फीडर में 386 तथा जुई फीडर मांग साढे आठ सौ क्यूसेक और 480 क्यूसेक पानी मिला है।

ऐसे में नहर के अंतिम छोर तथा इनसे निकलने वाले माइनरों के अंतिम छोर तक पानी ही नहीं पहुंच पाएगा। जिससे पब्लिक हेल्थ विभाग तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों की सांसे फूल गई। हालांकि अधिकारियों का तर्क है कि वे नहरों में पूरा व पर्याप्त पानी के लिए मुख्यालय पर सम्पर्क साध रहे है,लेकिन समाचार लिखे जाने तक पानी बढा नहीं था और जिस वजह से सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को बंद कर दिया गया। सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों के लिए साढै 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग भेजी थी,लेकिन पीछे पानी कम मिलने के बार शुरू वाले दिन 14 सौ, दूसरे दिन 15 सौ तथा मंगलवार को पानी घटकर महज 866 क्यूसेक रह गए। पानी की कमी के चलते सिंचाई विभाग को मजबूरन सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को बंद करना पड़ा। केवल एक ही दिन नहर के अंतिम छोर पर पानी पहुंचा था, आज फिर से नहर को बंद करने के बाद किसानों के खेत बिना सिंचाई के रहने के आसार बन गए है।

दूसरी तरफ सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी पर पड़ने वाले जलघरों में पानी नहीं पहुंच पाया है। जिससे आने वाले दिनों में पीने के पानी की भयंकर किल्लत बन जाएगी। यही हाल जुई फीडर व मिताथल फीडर का है। इन दोनों फीडरों में पानी कम मिलने से इन पर पड़ने वाले जलघरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। जिससे यहां पर भी पीने के पानी की किल्लत रहने के आसार बन गए है। माना जा रहा है कि विगत में सिंचाई विभाग ने पहले जुई फीडर को चार दिन चलाने के बाद फिर सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ा था। अगर पानी नहीं बढा तो इस बार भी इसी तरह से पानी का वितरण किया जा सकता है।



भिवानी। जुई नहर में आधा बहता पानी। फोटो : हरिभूमि

### सिंचाई के लिए लगी मोरियों को किया बंद

फिलहाल जो नहरी पानी पहुंचा है। इस पानी को ज्यादातर जलघरों के टैंकों में पहुंचाया जा रहा है। ताकि जलघरों में पानी पूरा हो जाए तो पीने के पानी की सप्लाई नियमित हो सके। इनके अलावा फिलहाल सिंचाई विभाग ने खेतों की सिंचाई के लिए लगी मोरियों को बंद करना आरंभ कर दिया है। ताकि जलघरों वाली मोरियों तक पानी पूरा पहुंच सके। इसके लिए सिंचाई विभाग लगातार नहर व माइनरों की मोरियों की निगरानी में जुटा है।

# एसआईआर में लापरवाही पर होगी एफआईआर

- डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने एसआईआर कार्य की समीक्षा में दी सख्त चेतावनी
- डीआरडीए सभागार में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य- 2026 की समीक्षा करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। यह कार्य निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से समयबद्ध तरीके से किया जाना है। ऐसे में पुनरीक्षण कार्य में नियुक्त बीएलओ-सुपरवाईजर गंभीरता के साथ कार्य करें। कार्य में लापरवाही बरतने या निर्धारित समय काम पूरा नहीं करने वालों के खिलाफ लोक प्रतिनिधि अधिनियम-1950 की धारा 32 के तहत चार्जशीट व एफआईआर की सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि बीएलओ कहीं किसी के पास एक जगह ना बैठकर घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फार्म वितरित करें, यदि कोई घर पर नहीं मिलता है तो उसके बारे में आसपास पड़ोस में पूछताछ करें ताकि यह पता चल सके वह व्यक्ति शिफ्ट हो गया है या अपने रोजमर्रा के कार्य के लिए गया है। यदि दंपत्ति नौकरी करते हैं तो उनके घर पर सुबह-सुबह या शाम के समय पर फार्म देने का काम करें। ताला लगा मिलने वाले घरों पर तीन बार विजिट करें और उसका रजिस्टर में रिकार्ड बनाएं ताकि दावे-एवं आपत्ति सुनने के दौरान यदि कोई उनमें से मामला सामने आता है तो उसका पूरे तथ्यों के आधार पर निपटारा किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बीएलओ केवल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई हिदायतों के अनुसार कार्य करें।

### प्रत्येक विस क्षेत्र के लिए जारी किए हेल्पलाइन नंबर

जिला मुख्यालय पर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित हेल्पलाइन नंबर 01664-1950 के अलावा जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। लोहारू विधानसभा क्षेत्र के लिए 01252-298227, भिवानी विधानसभा क्षेत्र के लिए 01664-242137, तोशाम विधानसभा क्षेत्र 0125-258352 व बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए 01664-244885 नंबर पर मतदाता सूची से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में नियुक्त किए गए हैं सभी 941 बूथों पर बीएलओ

जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए कुल 941 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। इनमें लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 246, भिवानी में 227, तोशाम में 233 तथा बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में 235 बीएलओ कार्यरत हैं।

## एसआईआर के कार्य ने पकड़ा जोर बीएलओ घर-घर जाकर जुटा रहे आंकड़े

लोहारू। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इन दिनों लोहारू शहर में चल रहे एसआईआर अर्थात मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। बीएलओ अर्थात बूथ स्तर के अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं के आंकड़े एकत्रित कर रहे हैं। नपा के प्रधान प्रदीप तायल एसआईआर कार्य में शहर के विभिन्न बूथों के बीएलओ का सहयोग कर रहे हैं। जानकारी अनुसार लोहारू हलके के सभी 246 बूथों पर एसआईआर का कार्य चल रहा है तथा शहर के 214 से 225 बूथों पर भी बीएलओ घर जाकर गणना पत्र थमाकर मतदाताओं संबंधी आवश्यक जानकारी जुटा रहे हैं। बीएलओ की सुविधा के लिए निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर कार्य में आशा वर्कर की ड्यूटी भी लगाई है।



लोहारू। एसआईआर के तहत घर-घर जाकर जानकारी जुटाते हुए बीएलओ प्रवेश कुमार व साथ है चेयरमैन प्रदीप तायल।

## एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी एफआईआर दर्ज: साहिल गुप्ता

- डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने एसआईआर कार्य की समीक्षा में दी सख्त चेतावनी
- डीआरडीए सभागार में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य- 2026 की समीक्षा करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। यह कार्य निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से समयबद्ध तरीके से किया जाना है। ऐसे में पुनरीक्षण कार्य में नियुक्त बीएलओ-सुपरवाईजर गंभीरता के साथ कार्य करें। कार्य में लापरवाही बरतने या निर्धारित समय काम पूरा नहीं करने वालों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा 32 के तहत चार्जशीट व एफआईआर की सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम कर रहा विशेष सहयोग: एडीसी

भिवानी। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपए तक का ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक राजकुमार ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए 88 केसों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत जो महिलाएं हरियाणा की स्थाई निवासी हैं और जिनकी वार्षिक आय पांच लाख रुपए से कम है, वे महिलाएं इस योजना के पात्र हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# बस स्टैंड मार्केट का होगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा नगर पालिका द्वारा बस स्टैंड के सामने स्थित नपा की दुकानों के सामनें सजावटी व आधुनिक पौधे लगाए जाएंगे। जिसकी प्रक्रिया जारों-शोरों से चल रही है। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने बवानी खेड़ा बस स्टैंड के सामने नव निर्मित मार्केट के सामने चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने बताया कि इस मार्केट के निर्माण में विशेष रूप से सौंदर्यीकरण पर ध्यान रखा गया है, ताकि यह क्षेत्र आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप में विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड के निकट स्थित होने के कारण आसपास के गांवों एवं दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले लोगों का यहां निरंतर आवागमन रहेगा, जिससे यह मार्केट क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। उन्होंने बताया कि इस मार्केट के सामने विशेष आकर्षक एवं सजावटी पौधे लगाने की भी योजना बनाई गई है। इसके माध्यम से क्षेत्र को हरित एवं सुंदर स्वरूप प्रदान किया जाएगा, जिससे आने-जाने वाले लोगों को बेहतर वातावरण मिल सके तथा नगर की सुंदरता में भी वृद्धि हो।



बवानीखेड़ा। निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# स्मार्ट मीटर और अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

भारतीय किसान मज़दूर यूनियन, जिला चरखी दादरी द्वारा मंगलवार को कस्बे के गांव धनासरी, कादमा, बडराई व बेरला आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर किसानों को स्मार्ट मीटर नीति तथा अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में जागरूक किया। इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने किसानों से संगठन को मजबूत करने और गांव स्तर पर कमेटियां गठित करने का आह्वान किया, ये बात भारतीय किसान मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष राजकुमार हड़ौदी की अगुवाई में यूनियन नेताओं ने कहा कि किसानों और आम उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों पर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विभिन्न गांवों में बैठकों का आयोजन कर किसानों को मौजूदा नीतियों के प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही प्रत्येक गांव में यूनियन की कमेटी गठित करने का निर्णय लिया,ताकि किसानों की समस्याओं को संगठित रूप से उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर पॉलिसी आम उपभोक्ताओं और किसानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा तथा भविष्य में बिजली सेवाओं का निजीकरण भी बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि यूनियन इस नीति का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेगी और लोगों को इसके संभावित प्रभावों के बारे में जागरूक करेगी।



बाढ़ड़ा। गांव धनासरी में किसानों को संबोधित करते भारतीय किसान मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष राजकुमार हड़ौदी।

## सोसायटी ने एडहॉक स्टाफ का वेतन डीसी रेट अनुसार किए जाने की उठाई मांग

एडहॉक स्टाफ का वेतन डीसी रेट अनुसार होना चाहिए

# प्राइवेट टीचर्स सोशल वेलफेयर सोसायटी ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्राइवेट टीचर्स सोशल वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया से औपचारिक भेंट की और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिवादन किया। सोसायटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने डीईओ डॉ. निर्मला दहिया को ज्ञापन सौंपा और निजी विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के समाधान के लिए उचित कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। इस मौके पर अध्यापक अजीत, धर्मबीर, मनोज शर्मा, मोहित जैन व रविंद्र सहित विभिन्न निजी स्कूलों के शिक्षक मौजूद थे।



भिवानी। डीईओ निर्मला दहिया को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट टीचर्स सोशल वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### निजी शिक्षकों को दिलाएं न्याय

सोसायटी की प्रधान सुनीता शर्मा ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य निजी विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों के हितों की रक्षा करना एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना है। उन्होंने डीईओ को सौंपे ज्ञापन में मांग की कि एडहॉक स्टाफ का वेतन डीसी रेट अनुसार होना चाहिए, बिना किसी गलती या मनमाने तरीके से किसी भी प्राइवेट स्कूल के टीचर नहीं हटाए जाए और उनकी शिकायत संबंधित जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की निगरानी में जांच कमेटी का गठन होना चाहिए। वहीं सरकार द्वारा घोषित सरकारी छुट्टियों के आदेशों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए और छुट्टी के दिन स्टाफ को नहीं बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि ज्यादातर स्कूलों में सरकारी छुट्टी के दिन स्टाफ को स्कूल में बुलाया जाता हैं, जो शिक्षकों का शोषण एवं अन्याय हैं।